तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



रामनवमी शोभायात्रा में अयोध्या के श्रीराम लला की प्रतिमा रही आकर्षण का केन्द्र

## खबर संक्षेप

### नारी में मानसगान 8 से

**सिर्री।** ग्राम नारी के बजरंग चौक में जय मरेवापाट मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 8 से 10 अप्रैल तक मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कलश स्थापना एवं दीप प्रज्वलन 7 अप्रैल को होगा। 8 से 10 अप्रैल तकमानसगान कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लोचन सोनकर ने दी।



### करेली बड़ी में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मगरलोड।** नवरात्रि एवं होली मिलन पर्व पर नवयुवक मित्र मंडल करेली बड़ी द्वारा 7 अप्रैल सोमवार को लकी कूपन ड्रा एवं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सोनहाबादर गुरुर जिला बालोद का रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में खुमेंद्र साहू, मानसिंग समेत अन्य जुटे हैं।

### सोनेवारा में जातरा 10 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में कुंवरदाई का जातरा मेला 10 अप्रैल गुरूवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम साराबोंग का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष महेश ध्रुव, उपाध्यक्ष बनऊ निषाद ने दी है।

### गोजी में पशु मेला, प्रदर्शनी 11 को

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में जिलास्तरीय पशु मेला एवं उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन 11 अप्रैल शुक्रवार को रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी हेमंत साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद करेंगी। विशिष्ट अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, सतीश जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, जयमित्र साहू सरपंच गोजी शामिल होंगे। पशु मेला एवं उत्सव प्रदर्शनी सुबह 10 से 2 बजे तक होगी।

### भोथा स्कूल की मोक्षिका का नवोदय में चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथा में अध्ययनरत कक्षा 5वीं की छात्रा मोक्षिका का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। मोक्षिका शुरू से मेधावी छात्रा रही है। वह भेंडरी निवासी भुनेश्वर साहू शिक्षक, कामिनी साहू की पुत्री हैं। छात्रा के चयन में उनके गुरु भूपेंद्र साहू व जितेन्द्र पाल करेली बड़ी का विशेष योगदान रहा। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष हेमलाल निषाद, यशवंत यादव पंच, प्रधानपाठक अमरसिंग मांडे सहित ग्रामीणों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।







आकर्षक रथ पर सवार थे रामजी, भक्तों ने लहराए भगवा ध्वज, झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

# श्री रामनवमी पर निकली शोभायात्रा भक्तों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रामनवमी पर रविवार को शहर में रामभक्तों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। डीजे, बैंडबाजा, देशी बाजा, धुमाल पार्टी, 10 फीट भगवा ध्वज, कल्कि अवतार, आंचलिक नृत्य, दर्जनों झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहे। इस शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक झांकियां थी। इसे दूसरे राज्यों एवं शहरों से मंगाया गया था। भक्तों ने 10-10 फीट ऊंचे भगवा ध्वज लहराये। श्रीराम के जयकारे लगाए। हनुमान की ललकार सुनाई।

शोभायात्रा शाम 6 बजे बनियापारा स्थित सिद्देश्वर महाकालेश्वर मंदिर से भगवान राम की महाआरती के बाद प्रारंभ हुई। आकर्षक एवं सुसज्जित रथ में रामजी सवार थे। लाइट और फूलों की सजावट काफी मनमोहक लगी। महाकालेश्वर मंदिर से रत्नाबांधा चौक पहुंचने में शोभायात्रा को एक घंटे का समय लगा। रत्नाबांधा चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा धीरे-धीरे आगे बढ़ी। घड़ी चौक में महाआरती की गई। भव्य आतिशबाजी की गई। शहरवासियों ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा घड़ी चौक से गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग से मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। यहां पूजा-अर्चना के बाद प्रसादी वितरण किया गया। शोभायात्रा को अपने गंतव्य तक पहुंचने में 6 घंटे से अधिक का समय लगा। शहर में 15 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाया गया था। दर्जनों जगह प्रसादी, स्वल्पाहार, ठंडा पेय पदार्थ, शुद्ध पेयजल, पोहा चना, पोहा, जलेबी, पुलाव, खिचड़ी का प्रबंध रामभक्तों के लिए किया गया। शोभायात्रा में सभी 40 वार्डों के रामभक्त भगवा ध्वज, भगवा वस्त्र धारण कर पहुंचे थे। भक्तों ने वार्डों से भी झांकियां निकाली। इसे लाइट और फूलों से सजाया गया था। सभी झांकी हिन्दू देवी देवताओं को लेकर बनाई गई थी।



शोभायात्रा देखने आसपास के गांव के रामभक्त शहर पहुंचे थे। शोभायात्रा वाले रास्तों को पुलिस ने वाहनों के लिए पूरी तरह ब्लाक कर दिया था। इन रास्तों में सिर्फ पैदल यात्रा ही प्रवेश ले रहे थे। वाहनों को दूसरे रूट से रवाना किया गया। सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मौजूद थे। निगरानी के लिए चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। आधा दर्जन पुलिस के वाहन पूरे शहर की मॉनिटरिंग कर रहे थे। असामाजिक तत्वों का पकड़ने पुलिस सादी वर्दी में तैनात थी।

इस अवसर पर तीरथराज फुटान, प्रीतेश गांधी, अशोक पवार, दिलीप बड़जात्या, बबलू थवाइत, देवचरण सिंह ध्रुव, गणेश कोसरिया, शिखर कोचर, भरत भानुशाली, अमित अग्रवाल, पीयूष राठौड़, जगजीवन सिंह सिद्धू, दीपक चोपड़ा, महेन्द्र चोपड़ा, नंदू जसवानी, दिलीप पटेल, प्रकाश सोलंकी, राजेन्द्र शर्मा, घनाराम सोनी, बबला पटेल, अरूण फुटान, दीपेश मोटवानी, शुभांक मिश्रा, चेझा फुटान, कोमल फुटान, अमन थवाइत, अजय गौतम, विक्की मंगलानी, संदीप नेताम, रिंकू यादव, सुशांत रजक, बिट्टू पटवा, ओम थवाइत, रामू रोहरा सहित हजारों रामभक्त शामिल थे।

# बिना हाई सिक्युरिटी मार्क के दौड़ रहीं पुरानी गाड़ियां



- नई गाड़ियों में शो रूम से ही लगकर आ रही हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वर्ष 2019 से पहले रजिस्टर्ड गाड़ियों में हाई सिक्युरिटी मार्क नहीं लगा है। मोटरयान अधिनियम के तहत सभी नई पुरानी गाड़ियों में इसे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। नई गाड़ियों में शोरूम से ही हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट बनकर आ रही है लेकिन पुरानी गाड़ियों में हाई सिक्युरिटी मार्क लगाने का काम हद से ज्यादा सुस्त है।

सिर्फ जिले में ही नहीं बल्कि पूरे देश में वाहनों की चोरी सहित वाहनों से कई अन्य प्रकार के अपराध के मामले बढ़ गए हैं। कई बार तो नम्बर प्लेट बदलकर अपराध किए जाते हैं। इन समस्याओं को देखते हुए परिवहन मंत्रालय ने हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। 2019 के बाद तो सभी नई गाड़ियों की नम्बर प्लेट में हाई सिक्युरिटी मार्क लगकर आ रहे हैं। इससे पुरानी गाड़ियों की नम्बर प्लेट में हाई सिक्युरिटी मार्क नहीं लगा है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों में यह चिन्ह लगाया जाना है। जिला परिवहन अधिकारी एमए मुजाहिद ने बताया कि यह चिन्ह प्राइवेट और कामर्शियल दोनों प्रकार के वाहनों में लगाया जाना है। हर वाहन के लिए शुल्क अलग- अलग निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक वाहनों के शो रूम से या परिवहन विभाग जाकर अपने वाहन में हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण मार्क लगवा सकते हैं। वाहन मालिक विभागीय वेबसाइट सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

### इन दरों पर लगेगी नम्बर प्लेट

दोपहिया वाहन, कृषि उपयोगी ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर के लिए बेस प्राइस 310 रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें 55.80 रुपए जीएसटी के साथ मूल्य 365.80 रुपए है। तीन पहिया वाहनों में 362 रुपए, 65.16 रुपए जीएसटी के साथ 427.16 रुपए, हल्के वाहन, पैसेंजर कार के लिए 556 रुपए, 100.08 रुपए जीएसटी के साथ 656.08 रुपए निर्धारित हैं। सभी नम्बर प्लेट 100 रुपए अतिरिक्त शुल्क लेकर लगाई जायेगी।

### हाई सिक्युरिटी मार्क नहीं तो कार्रवाई

परिवहन विभाग ने सभी पुरानी गाड़ियां जो रोड़ पर दौड़ रही हैं, उन पर हाई सिक्युरिटी मार्क लगाने के लिए चार माह का वक्त दिया था। अप्रैल माह में समय-सीमा समाप्त हो जाएगी। उधर वाहन चालक पुरानी गाड़ियों में यह सुरक्षा चिन्ह लगाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। सिर्फ एक दो पुरानी गाड़ियों में ही हाई सिक्युरिटी मार्क लगा है। उधर हाई सिक्युरिटी मार्क लगाने के लिए जागरूकता अभियान की भी कमी है।

# निस्तारी पानी के लिए गंगरेल बांध का खुला मुंह


- प्रति सेकेण्ड 3700 क्यूबिक फीट छूट रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी का सीजन बाकी है। अप्रैल की शुरुआत में ही जिले का भूजल स्तर आधा मीटर नीचे चला गया है। सवा सौ गांवों के डेढ़ सौ हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। इसी के साथ गांवों के सैकड़ों सूखते तालाबों को भरने की कवायद सिंचाई विभाग ने शुरु कर दी है।

पीएचई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूजल लेवल आधा मीटर नीचे चला गया है। जिले का औसतन भूजल लेवल 17.70 मीटर रहता है। यह नीचे गिरकर 18.20 मीटर पर चला गया है। मगरलोड ब्लाक में जलस्तर 19.75 मीटर, धमतरी ब्लाक में 19.16 मीटर, कुरूद विकासखंड में 16.50 मीटर, नगरी में 17.45 मीटर पर आ गया है। शहर सहित गांवों के तालाब सूखने लगे हैं। सिंचाई विभाग से पानी की डिमांड होने से 1 अप्रैल से निस्तारी के लिए पानी छोड़ने का सिलसिला शुरु हो गया है।

जिले के 390 गांवों को चिन्हांकित कर मुख्य नहर के माध्यम से शाखा नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है। शहर के आसपास श्यामतरई, भटागांव, रूद्री, बेंद्रानवागांव, नवागांवखुर्द, बोरिदखुर्द के अलावा धमतरी शहर के आमातालाब और महिमासागर तालाब में पानी पहुंचने लगा है। वहीं बालोद जिले के 21 तालाबों को भरने पानी दिया जाएगा।



### डेढ़ सौ हैंडपंप ने दिया जवाब

नगरी ब्लाक के सियादेही, मोहलाई, सलोनी, छुही, साल्हेभाट, कांटाकुर्रीडीह, मुड़मतरा, मगरलोड के मड़ेली, अंजोरा, कमईपुर, बेलोरा, पठार, झाझरकेरा, बेंद्राचुआ, कुरूद के अंवरी, बगौद, बकली, बंजारी, नवागांव, थुहा, मुल्ले, धमतरी के भोयना, तुमराबहार, बेंद्रानवागांव समेत सवा सौ गांव के 152 हैंडपंपों का जलस्तर गिरने से पानी निकलना बंद हो गया है।

### बांध में उपयोगी पानी 13.017 टीएमसी

सिंचाई विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि रविवार की सुबह गंगरेल बांध में 48.7 प्रतिशत पानी मापा गया है। बांध में उपयोगी पानी 13.017 टीएमसी है। इसमें से 3726 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिसमें से 450 क्यूसेक भिलाई नहर, निस्तारी के लिए रूद्री बैराज से 2969 क्यूसेक, रायपुर पेयजल के लिए 350 तथा धमतरी पेयजल के लिए 50 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। 1 अप्रैल से अब तक 3.665 टीएमसी पानी निस्तारी के लिए दिया जा चुका है।

### माड़मसिल्ली में 25, दुधावा, सोंढूर में 40 फीसदी पानी

5.718 टीएमसी क्षमता वाले माड़मसिल्ली बांध डेड स्टोरेज की ओर अग्रसर है। यहां उपयोगी पानी 1.40 टीएमसी है। फिलहाल यहां पानी की आवक-जावक नील है। 10 टीएमसी क्षमता वाले दुधावा बांध में 41.36 प्रतिशत जल भराव है। यहां 4.149 टीएमसी जल भराव है। दुधावा बांध से 530 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। 6.342 टीएमसी क्षमता वाले सोंढूर बांध में 2.542 टीएमसी जलभराव है। वर्तमान में सोंढूर में 40 प्रतिशत पानी है।

# घर के सामने खड़ी कार में लगी आग

- घटना से कालोनी में मचा हड़कंप आगजनी का कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड स्थित दुलारी नगर में खड़ी कार में आग लग गई। इस कार के बगल में दूसरी कार खड़ी थी। आग ने उस कार को भी चपेट में ले लिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी का कारण अज्ञात है। इस घटना से कालोनी में हड़कंप मच गया था।



रुद्री रोड दुलारी नगर गली नंबर 3 में शनिवार रात अचानक जोर के धमाके की आवाज आई। आवाज इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोगों की नींद खुल गई और वे घर से बाहर आ गए। उन्होंने देखा कि कालोनी में रहने वाले एक बैंक मैनेजर की कार धूं-धूं कर जल रही थी। तत्काल उन्हें सूचना दी गई। कार मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस दौरान लोगों ने आग बुझाने की कोशिश भी की, लेकिन आग कम होने की बजाय बढ़ती जा रही थी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। इस कार के बगल में दूसरी कार भी खड़ी थी, आग ने उस कार को भी चपेट में ले लिया। कार मालिक योगेश देवांगन ने बताया कि वह अपने बलेनो कार क्रमांक सीजी 05 एएच 9083 व क्विड कार क्रमांक सीजी 05 एजे 4211 से अपने पूरे परिवार के साथ दुर्गा अष्टमी की शाम गंगरेल अंगार मोती माता के दर्शन के लिए गए थे। रात 8 बजे वहां से लौटे और कार को घर के सामने खड़ी किया था। रात करीब 1.30 बजे घर के बाहर से आवाज आने लगी। बाहर निकलकर देखा तो कार बुरी तरह से जल रही थी। अग्निशमन कर्मचारी फायरमैन अभिनव तिवारी, रोहित शिवना एवं चालक उमेश कौशिक ने आग पर काबू पाया।

## 5510 से 9909 रुपए तक अलग-अलग समिति अनुसार पत्ता की लगी बोली

# जबर्रा-दुगली के हरा सोना को मिला सबसे ज्यादा भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- अछोटा समिति को सबसे कम भाव मिला

हरा सोना के नाम से मशहूर जिले के तेंदूपत्ता को इस साल अच्छा भाव मिला है। इसे खरीदने कर्नाटक, तेलंगाना, राजनांदगांव, रायपुर के ठेकेदारों ने बोली लगाई है। सबसे ज्यादा भाव जबर्रा, दुगली समिति के तेंदूपत्ता को करीब 10 हजार रूपये मानक बोरा मिला है। वहीं अछोटा समिति को सबसे कम भाव 5510 रूपये में संतोष करना पड़ा है।

जिले के जंगलों में होने वाला तेंदूपत्ता प्रदेश ही नहीं देशभर में प्रसिद्ध है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन वर्ष 2025 का समितिवार विक्रय कर लिया गया है। 27 समितियों की 23 लॉट के माध्यम से नीलामी हुई है। वन विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 26800 मानक बोरा का लक्ष्य है। नगरी परिक्षेत्र की अमाली समिति को 1100 मानक बोरा लक्ष्य है। अमाली समिति के तेंदूपत्ता को रायपुर के फर्म करण कोटेचा ने 6849 रूपये प्रति मानक बोरा का अधिकतम भाव लगाया है। बिरगुड़ी परिक्षेत्र की सेमरा समिति को 800 मानक बोरा का लक्ष्य मिला है। हैदराबाद की दीपक रेड्डी फर्म ने बिरगुड़ी परिक्षेत्र के सेमरा, घोटगांव समिति का पत्ता खरीदा है। सेमरा समिति के तेंदूपत्ता को 5689 तथा घोटगांव समिति के तेंदूपत्ता की 6189 रूपये में बोली लगाई है। बेलरगांव समिति के पत्तों की हैदराबाद चेन्नादी फर्म ने बोली लगाई है। बेलरगांव के पत्तों को 6009 रूपये का भाव मिला है। धमतरी परिक्षेत्र के मोंगरागहन, बरबांधा समिति के पत्तों को तेलंगाना की शमीम आटा फर्म ने 6789 के अधिकतम भाव में खरीदा है। केरेगांव साउथ सिंगपुर परिक्षेत्र के चनागांव और डोकाल समिति 8889 मोहंदी (ए) समिति के पत्तों को 7722 रूपये, बिरझुली समिति के पत्तों को 8251 रूपये, गेदरा समिति के पत्तों को 7756 रूपये गट्टासिल्ली समिति के पत्तों को 8133 रूपये, रतावा समिति के पत्तों को 8406 रूपये, तुमड़ीबहार निर्राबेड़ा समिति के पत्तों को 9115 रूपये, जबर्रा दुगली समिति के पत्तों को सबसे अधिक भाव 9909 रूपये, मारागांव सिंगपुर समिति के पत्तों को 9351 रूपये, खड़मा समिति के पत्तों को 8579 रूपये, कुकरेल समिति के पत्तों को 8262 रूपये, नगरी समिति के पत्तों को 7977 रूपये, राजपुर समिति के पत्तों को 8007 रूपये, छुही समिति के पत्तों को 7777 रूपये, पठार समिति के पत्तों को 8419 रूपये, मोहंदी (बी) समिति के पत्तों को 7577 रूपये, अछोटा समिति के पत्तों को सबसे कम भाव 5510 रूपये तथा बोराई समिति के पत्तों को 5530 रूपये का अधिकतम भाव मिला है।



### संग्राहकों को मिलता है 5500 प्रति मानक बोरा

जिले में हजारों तेंदूपत्ता संग्रहक हैं। पिछले साल से प्रति मानक बोरा (पत्तों का एक हजार बंडल) संग्राहकों को 5500 सरकार दे रही है। पिछले वर्ष करीब 23 हजार मानक बोरा पत्ता का संग्रहण जिला से हुआ था। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26800 मानक बोरा पत्ता संग्रहण का विभागीय लक्ष्य है।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव 10 से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया गया है। 10 अप्रैल को नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात अखंड रामायण पाठ होगा। 11 अप्रैल को गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित होंगे। अध्यक्षता केशरी ओमप्रकाश ध्रुव करेंगे। हवन पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार, पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी टेमन साहू ने दी है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### हवन, कन्या पूजन के बाद श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम राऊरवाही स्थित माँ दंतेश्वरी मंगलेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर हवन में भाग लिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी व लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर में कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। रामनवमी के शुभ अवसर पर जगत जननी जगदंबा के स्वरूप मानी जाने वाली कन्याओं का विशेष पूजन किया गया। कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया।

### युवक की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत बुदनदंड निवासी 32 वर्षीय मेनुराम कोमरा का 13 मार्च को मौत हो गया। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### खनिज व पर्यावरण संरक्षण पर बजरंग माइंस को 3 पुरस्कार

**दुर्गुकोंदल।** रायपुर में आयोजित आठवें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह में गोयल ग्रुप की श्री बजरंग आयरन ओर माइंस को तीन पुरस्कार मिले। ज्ञात हो कि दिसंबर माह में खान पर्यवरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम के तहत खदानों का निरीक्षण किया गया था और उस समय खदान का निरीक्षण करने आए सदस्यों ने बजरंग माइंस प्रबन्धन की जमकर तारीफ की थी। उस कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे शासकीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के छात्र चंचल दुग्गा द्वारा बनाई गई पेंटिंग को भी राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बजरंग माइंस को मिनरल कन्जर्वेशन के लिए प्रथम, मिनरल बेनिफिकेशन के लिए द्वितीय तथा वेस्ट डम्प मैनेजमेंट के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोयल ग्रुप की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए गोयल ग्रुप के माइनिंग हेड सुरेश अग्रवाल, एजेंट डीके मोहन्ता, खान प्रबन्धक डीएन मोहन्ता, जियोलॉजिस्ट राजकुमार गुप्ता, सत्यरंजन मोहन्ता तथा शशांक भुवाल उपस्थित रहे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

अद्भुत संयोग में नगर पंचायत भखारा के पदाधिकारियों का पहला काम सराहनीय है : अजय

# अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद/अंवरी

क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने रामनवमी पर्व पर नगर पंचायत भखारा (भठेली) में अटल चौक का जीर्णोद्धार कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की मूर्ति अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपं अध्यक्ष ज्योति हरखचंद जैन ने की। रविवार को भखारा के अटल चौक में दोपहर विधायक श्री चंद्राकर ने पर्दा हटाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल की मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात वहीं समीप पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्याऊघर का शुभारंभ किया।

इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज अद्भुत संयोग है कि आज रामनवमी व भाजपा के स्थापना दिवस के साथ अटलजी की मूर्ति का अनावरण हुआ है। नपं के पदाधिकारियों का पहला काम सराहनीय है जो इस दिन नेक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने मुंबई में हुए अधिवेशन में भाजपा की नींव रखी थी और वह पार्टी के पहले अध्यक्ष भी चुने गये थे। दो सांसद वाली पार्टी से तीसरी बार केंद्र में लगातार सरकार बनाने वाली पार्टी बनी भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, नपं. उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जिला पंचायत सदस्य द्वय श्रीमती पूजा राजू सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, जपं. सदस्यगण आनंद यदु, सिंधु बैस, रेखा साहू, पूर्व नपं. अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, भाजपा नेतागण भानू चंद्राकर, रामगोपाल देवांगन, हरखचन्द जैन, पंकज सिन्हा, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, गिरिराज सोन, चोवाराम गंजीर, कामता साहू, भोला राम साहू, रवि सिन्हा, डॉ लोकेश साहू, गौतम जैन, बिंझवार साहू, रामकृष्ण नेताम, राजू सेन, पुष्पेंद्र साहू के अलावा नपं. भखारा (भठेली) के पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।






**भाजपा में विचारधारा व विकास समन्वित होता है**

श्री चंद्राकर ने भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि यह एक ऐसी पार्टी है जहां विचारधारा और विकास समन्वित होता है। विचारधारा के आधार पर ही समाज किसी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक संगठन को उचित या अनुचित ठहराता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा और आज हम देख रहे हैं कि हर जगह कमल खिल रहा है। अटलजी ने सुशासन की नींव रखी थी और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के जीवन में खुशहाली ला रहे हैं।

## महिला समिति ने मनाया राम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

रामनवमी पर्व पर वार्ड क्रमांक 3 रामनगर में राम रामेश्वरम महिला समिति द्वारा भगवान राम का जन्मोत्सव व मनाया गया। भगवान रामचंद्र का अभिषेक कर पूजा-अर्चना के बाद महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। दर्शन के लिए सुबह से लोगों का राम मंदिर में आना शुरू हो गया था। मौके पर राम रामेश्वरम समिति अध्यक्ष हेमलता यादव, उपाध्यक्ष, रेखा यादव, कोषाध्यक्ष लखेश्वरी, प्रिया यादव सचिव, भारती साहू सहसचिव, बसंती ध्रुव, गायत्री साहू, रूपाली सेन, बिंदुलता यादव, वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती सीमा तिवारी, एम नारायण, विमल गुप्ता, फूलेश्वरी सोम समेत अन्य मौजूद थे।

## खुदुरपानी में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खुदुरपानी में लोगों की समस्याएं सुनी।

ग्रामीणों ने चर्चा में बताया कि हमारी ग्राम सभा को तीन साल पूर्व सामुदायिक संसाधन का अधिकार प्राप्त हुआ है तबसे ग्राम सभा के सदस्य अवैध कटाई, अवैध शिकार, अवैध रेत खनन तथा जंगल में लगने वाली आग को रोकने में सफल हुए हैं जिसके चलते जंगल में पिछले दो साल में कोकून की पैदावारी होने लगी है। प्रत्येक परिवार द्वारा दस से पचास हजार रुपए तक का कोकून संग्रहण किया गया है। महिला समूह ने कोकून से धागा निकालने एवं माहुल पत्ता से पत्तल दोना बनाने के लिए प्रशिक्षण एवं मशीन उपलब्ध कराने की मांग की। ग्राम सभा द्वारा पच्चीस एकड़ तालाब में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। उसका गहरीकरण करने की मांग की।

इस दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ धमतरी जाधव कृष्णन, एसडीएम नगरी, रेशम विभाग के डायरेक्टर श्री उईके, जनजागृति समिति से सरस्वती ध्रुव, बेनीपुरी गोस्वामी, नंदनी साहू तथा ग्राम सभा के सदस्य उपस्थित थे।



## पटेल समाज ने की भगवान राम की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम सांकरा में राम नवमी पर्व पर पटेल समाज के सामाजिक भवन में समाज प्रमुखों व सामाजिक बंधुओं ने श्रीराम के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की व सभी लोगों की खुशहाली की कामना की।

मौके पर पटेल समाज सांकरा क्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल, कार्यकारिणी सदस्य बेदन पटेल, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राजू पटेल, रायसिंह पटेल, रामसाय पटेल, रमेश पटेल, बलीराम पटेल, ऋषि पटेल, गुड्डु पटेल, गंगाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## भड़सिवना में 19 से वार्षिक सम्मेलन

- गोंडवाना समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

गोंडवाना समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी की बैठक वेदप्रकाश मंडावी की अध्यक्षता में गोंडवाना भवन नगरी में हुई। इस दौरान 19 से 20 अप्रैल तक ग्राम भड़सिवना में होने वाले वार्षिक सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा सभी 19 उपक्षेत्रों अध्यक्षों से की गई। मौके पर गोंडवाना समाज युवा प्रभाग के संरक्षक प्रमोद कुंजाम, सचिव पोखन नेताम,उपाध्यक्ष राजेश मरकाम, रोहित कोमरे, घासीराम नेताम, गोपेश नेताम, मनीष नेताम,मुकेश मंडावी, पीताम्बर कुंजाम, उपेंद्र सलाम, परमेश्वरी, निधि, अंजनी, उमा, निर्मला, भागवत, आत्माराम, गजेंद्र, शिवकुमार, आसकरण, दीपक, प्रेमचंद शामिल थे।



## संस्कृत के पर्चे के साथ 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

इस बार 5वीं और 8वीं बोर्ड की केंद्रीकृत परीक्षा हुई। गुरुवार को कक्षा 8वीं की परीक्षा संस्कृत के पर्चे के साथ संपन्न हुई। प्राथमिक स्तर पर 5वीं की परीक्षा 17 मार्च से शुरू हुई जो 27 मार्च को सम्पन्न हुई। माध्यमिक स्तर में 8वीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल को सम्पन्न हुई। सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी की छात्रा गुंजा साहू, योगिता साहू, मीनाक्षी साहू, शीला भारती, उमा साहू, भूमिका निषाद, विभा साहू, संजना भारती, मेघा साहू,वानेश्वरी साहू, सीमा साहू ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा में प्रश्न काफी सरल आया है।उन्होंने सभी प्रश्न हल किये हैं। संस्कृत प्रश्न पत्र का पर्चा काफी सरल आया था। समय से पहले हल कर लिया। भूपेंद्र साहू, विनायक साहू, पंकज निषाद, लीलेश साहू ने बताया कि उम्मीद के अनुरूप नम्बर मिलेंगे। परीक्षा केंद्र में शासकीय माध्यमिक स्कूल भेंडरी के शिक्षक खगेश सिन्हा, प्रवीण साहू केंद्राध्यक्ष के रूप में ड्यूटी निभाई। मौके पर प्रधानाचार्य नूतन साहू समेत अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। इधर मूल्यांकन केंद्रों में पेपर की जांच शुरू हो चुकी है। इसके लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।



## तरसींवा में राम, सीता, लक्ष्मण की हुई प्राण-प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम तरसीवां के बाजार चौक में नवनिर्मित राम, सीता एवं लक्ष्मण की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गांव के सर्व समाज की महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर संपूर्ण ग्राम का भ्रमण किया। राम, सीता, लक्ष्मण की मूर्ति का भी भ्रमण कराया गया। गांव में जय श्रीराम नारा गुंजायमान होते रहा। बाजे-गाजे के साथ यह त्योहार मनाया गया। मौके पर ग्राम विकास समिति, शीतला माता समिति, श्री राम मानस समिति के सदस्य, सरपंच एवं पंचगण उपस्थित थे।

## आमदी कालेज के स्वयंसेवक ने शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक धर्मराज ने राज्यस्तरीय सात दिवसीय रासेयो शिविर में भाग लिया। यह शिविर अंबिकापुर में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि इस शिविर के लिए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा धमतरी जिले के 6 स्वयंसेवकों का भी चयन हुआ था, जिसमें आमदी कालेज के बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र धर्मराज साहू का भी चयन हुआ। इस शिविर में धर्मराज ने देसी खेलकूद, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक रैली एवं कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेवर अटल, सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, डा उपमा, रमेश सिंह, तेजल यादव, गोपाल देवांगन एवं हेमेंद्र साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।



शोभायात्रा में देव विग्रह झूमे, माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई

# शीतला तालाब में ज्योत जंवारा का हुआ परम्परानुसार विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शीतला शक्ति पीठ सिहावा में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत जंवारा का विसर्जन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महानवमी की प्रातः सरोवर स्नान के लिये शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शीतलातालाब में ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। ऋषि पंचमी सेवा मण्डली गणेश घाट सिहावा द्वारा गाये जा रहे माता सेवा के साथ गढ़ की देवी देवताएं अपने पूरे स्वरूप में डांग बाना लिये हुए विसर्जन शोभायात्रा में झूमते रहे। नवमी के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई । फिर माता को भोग लगाकर भण्डारा प्रारम्भ किया गया। भण्डारा गोल्डी चोपड़ा व परिवार बेलरगांव द्वारा किया गया । समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने चैत्र नवरात्रि पर्व पर मिले सहयोग के लिये आभार माना। कार्यक्रम में प्रमुख संचालक कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिशेन, सहसचिव नरेंद्र नाग,नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंदलाल यादव, तुकाराम साहू, गेंद लाल शाण्डिल्य, चंद्रभान निषाद, रोहित साहू, बिष्णु साहू, चैनसिंह मरकाम, शंकर पटेल, चंदन देवांगन, शशिकला शांडिल्य, देवन्तीन श्रीमाली, रीना बिसेन, प्रमिला साहू, नंदबाई पटेल की भूमिका रही।



**राम जन्मोत्सव मनाया गया**



शीतला शक्ति पीठ में परम्परानुसार राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया महिलाओं ने रामलला को पालने में झुलाकर सोहर गीत गाया। शीतला समिति अध्यक्ष कैलाश पवार ने कहा कि राम नवमी हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक है, जिसे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे भक्ति भाव से मनाया जाता है।

**नव कन्याओं को कराया गया भोज**

चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारियों ने माता शीतला के षोडसोपचार की पूजा-अर्चना की। देवी मां के स्वरूप नव कन्याओं व लंगूरवा महाराज का पूजन कर उन्हें भोज कराया। कन्या पूजन का महत्व बताते हुए आचार्य चंद्रहास दुबे ने बताया कि नवकुमारियां भगवती के नवस्वरूपों की जीवंत मूर्तियां है जिसके पूजन से धन-आयु-बल की वृद्धि होती है। शनिवार को दोपहर 1 बजे हवन प्रारंभ हुआ जिसमें विभिन्न प्रकार की औषधि युक्त सामग्रियों, सांखला का उपयोग कर यज्ञ में ज्योतिधारी व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रथम अध्याय से तेरहवें अध्याय तक क्रमशः यज्ञ भवन में प्रवेश लेकर यज्ञ में आहुति दी।

# सिर्री में श्रमदान कर नाले की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत सिर्री के भाठापारा स्थित छोटे नाले की सफाई की गई। यह डंगसागर और बड़े सोनई तालाब को जोड़ता है। गर्मी के मौसम में बड़ी नहर में जब तालाबों को भरने पानी दिया गया तो पहले डंगसागर तालाब में पानी भरने दिया गया। पश्चात बड़े सोनई तालाब में पानी भरने के उद्देश्य से भाठापारा और स्कूलपारा के लोगों ने श्रमदान कर छोटे नाले की सफाई की जिससे सुगमता से साफ पानी तालाब में भर सके। नाले की सफाई के दौरान हृदय देवांगन पंच, सुखराम देवांगन, कामेश बंजारे पंच, सखाराम साहू, नरेश साहू, टापेश्वर देवांगन, होरीलाल, भागवत साहू, मोहन सिन्हा, पूरण साहू, गंगाराम, रोहित साहू, धनेश्वर, मोहन साहू, भारत घृतलहरे, गोविंद साहू एवं अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### संसद में उठा इंद्रावती जलसंकट का मामला



**जगदलपुर।** बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी में जोरा नाला के जल प्रवाह को लेकर उत्पन्न जल संकट पर संसद में सांसद महेश कश्यप ने मामला उठाया। जगदलपुर में पानी की गंभीर समस्या और हजारों एकड़ में सूखती फसलों की पीड़ा को रखते हुए जलशक्ति मंत्री से जोरा नाला एवं इंद्रावती नदी के बीच हुए 50-50 प्रतिशत जल वितरण समझौते के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग सांसद ने की।

### स्थापना दिवस पर निवास में लगाया पार्टी का ध्वज



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज युवा नेता व गढ़िया सरपंच भरत कश्यप ने अपने निवास पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाकर समस्त भाजपा के वरिष्ठजनों,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

### निवास पर फहराया पार्टी का ध्वज



**जगदलपुर।** अंत्योदय का संकल्प लेकर राष्ट्रवादी विचारधारा के सिद्धांत पर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा ने घर पर भाजपा का ध्वज फहराया।

### टमाटर 8 व करेला 60 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** रामनवमी के चलते इस रविवार को साप्ताहिक बाजार में भीड़-भाड़ ज्यादा दिखा, पर व्यापारियों के अनुसार सब्जी का कारोबार मंदा रहा। बाजार में टमाटर 8, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### बस्तर लोक संस्कृति संरक्षण समिति गठित



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के कला एवं संस्कृति में रुचि रखने वालों के साथ मिलकर संभागीय बस्तर लोक संस्कृति संरक्षण समिति का गठन किया गया है जिसका कार्य क्षेत्र संपूर्ण बस्तर संभाग है। इस संस्था के स्थापना के पश्चात क्षेत्रीय पंजीयक कार्यालय से पंजीयन भी कर लिया गया है। वर्तमान में संस्था के अध्यक्ष रुद्र नारायण पाणिग्रही को चुना गया है।

### स्थापना दिवस पर विधायक विनायक ने दिए पानी टैंकर

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत करंजी में विधायक विनायक गोयल द्वारा पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है और आज हम ग्राम पंचायत करंजी में पानी की समस्या का समाधान करने हेतु पानी टैंकर प्रदान कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि यह कदम ग्रामीणों को पानी की कमी से राहत दिलाने के लिए उठाया गया है। हमारी पार्टी हमेशा से विकास और सुविधा के क्षेत्र में कार्यरत रही है।

टेंडर भरने सामने नहीं आ रहे कोई भी ट्रांसपोर्टर

# अब महापौर से सिटी बस संचालन की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कोरोना काल के समय से बंद सिटी बस का संचालन 4 साल बाद भी चालू नहीं हो पाया है । बार-बार टेंडर निकालने के बाद भी कोई भी ट्रांसपोर्टर बस संचालन के लिए इच्छुक नहीं हैं। सिटी बसों के बंद हो जाने से गरीब, मध्यमवर्गीय को काफी परेशानी हो रही है। अधिक दर पर निजी बसों में सफर करना पड़ रहा है। अंचल के लोगों को अब नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा से सिटी बस संचालक की उम्मीद है। अर्बन पब्लिक सोसायटी द्वारा इसके लिए कई बार टेंडर जारी किया जा चुका है। लेकिन कोई भी ट्रांसपोर्टर सामने नहीं आया है। संचालन के लिए नियम व शर्तें इतने कठिन हैं कि सामान्य लोगों के लिए इसका पालन करना मुश्किल है। अभी भी सिटी बस का लोग इंतजार कर रहे हैं ताकि कम पैसे में उनका सफर आसान हो सके। तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह एवं महापौर अर्चना चौबे के कार्यकाल में धमतरी सिटी बस सेवा प्रारंभ की गई थी। कोरोना के समय तक चलने के बाद यह धीरे-धीरे बंद हो गई। कुछ बसें वापस रायपुर चली गईं। कुछ कबाड़ में तब्दील हो गई। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिला अर्बन पब्लिक सोसायटी द्वारा 10 बसों के संचालन के निर्देश पूर्व कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने दिये थे। इसके बाद ई-टेंडर जारी किया गया। अब तक समिति द्वारा पांच बार टेंडर जारी किया जा चुका है। सिटी बस बंद होने से निजी वाहनों में सफर महंगा हो गया है। पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ने से किराया भी अधिक है। महापौर रामू रोहरा शहर विकास के लिए विभिन्न कार्य योजना का क्रियान्वयन करने में जुटे गए हैं। ऐसे में शहरवासियों को श्री रोहरा से उम्मीद है कि धमतरी में फिर से सिटी बस प्रारंभ हो जाए तो लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। 10 अक्टूबर 2015 को जिले में 10 सिटी बसें शासन से मिली थी। इसका संचालन शहरी सार्वजनिक सोसायटी रायपुर द्वारा किया जाता था। ठेका रायपुर बस सर्विस को मिला था। धमतरी में इसका संचालन कर रहा था। 10 बस सभी मार्गों में चल रही थीं। कोरोना काल के समय से बस बंद हो गई।

10 में से 6 बसे पहले बंद हुई फिर उसके बाद 4 बसें बंद हो गई। टेंडर के नियम व शर्त काफी कठिन हैं। इसमें सुधार की आवश्यकता है। धमतरी को मिली सिटी बस शहर से कंडेल, दोनर, खरेंगा कुरूद से वापस धमतरी आती थी। नगरी से चलने वाली सिटी बस गट्टासिल्ली, दुगली तक, धमतरी से गंगरेल व पुरूर बालोद एवं भखारा तक सफर करती थी। सिटी बसों में हजारों यात्री कम खर्च में सफर करते थे। चार साल पहले बंद हुई परिवहन सेवाओं को लोग आज भी याद करते हैं। लोगों ने महापौर से उम्मीद की है कि सिटी बसों का संचालन पुनः प्रारम्भ करवाएंगे।

## केंद्रीय टीम ने उपस्वास्थ्य केंद्र जोरातराई का वर्चुअल असेसमेंट किया



**अंवरी।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान करने अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र जोरातराई (अ) में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेषज्ञों की टीम द्वारा वर्चुअल असेसमेंट किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न, बीपीएम रोहित पाण्डे व सीएचसी प्रभारी गौरव बंगानी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जोरातराई में स्टॉफ प्रिया साहू सीएचओ, सीमा पटेल आरएचओ व लोकेश सोनवानी आरएचओ से विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी ली गई। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर ओमन सिंग साहू, एलएचवी कुसुम महाडिक, आरएचओ लीलाराम देवांगन, आरएचओ भरत लाल साहू, आरएचओ तरुण साहू, आरएचओ विवेक साहू तथा सीएचओ अंजु साहू व मितानिन उपस्थित थी।

## बलि देना है तो अपनी विकृतियों, अधिकारों, अहंकारों की दें: झम्मनप्रसाद



रींवागहन में भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

किसी भी श्लोक में बलि प्रथा का कोई उल्लेख नहीं है। ममतामयी मां



जगदंबा क्या किसी जीव हत्या से प्रसन्न होगी। जब वह सभी जीवों पर करुणा बरसाती है। तो वह कैसे जीव हत्या को स्वीकार कर सकती है। बलि देना है तो अपनी विकृतियों, अधिकारों का, अहंकारों का दें। सात्विक भाव से देवी का पूजन करें। उक्त बातें ग्राम रींवागहन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत प्रवचन के दौरान पंडित आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि बलि एक रूढ़िवादी प्रथा है। पशु बलि निषेध के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरण की आवश्यकता है। पूजन परंपरा में भारतीय परिधान ही अपनाना चाहिए। इससे सहजता बनी रहती है।

उन्होंने नवरात्र पर्व का वैज्ञानिक कारण बताते हुए कहा कि ऋतु परिवर्तन के कारण संक्रमण काल में व्यक्ति स्वस्थ रहे इसलिए ऋषियों ने इसे अपना विज्ञान माना है। नवरात्रि के चार पर्व है। जिसमें आश्विन और चैत्र प्रचलन में है। आषाढ़ शुक्ल और माघ शुक्ल पक्ष में भी ऋतु परिवर्तन शुरू होता है। इस समय लोग बीमार न पड़े इसलिए व्रत संयम के तहत आराधना के पर्व के रूप में नवरात्रि सभी लोगों को मनानी चाहिए। शास्त्री जी ने आगे कहा कि मां भगवती महामाया की उपासना करने से आत्म बल व शक्ति प्राप्त होती है। देवी शक्ति से तमोगुण का नाश होता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व में आराधना, उपासना तथा सत्संग, यज्ञ होना चाहिए।

# स्टार्टअप शुरू करने हेमल को मिला लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये का लोन

■ भारत मंडपम दिल्ली में किया अपने फूड उत्पादों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के आर्थिक विकास को गति देने तथा उद्यामियों को उद्योग स्थापित करने में सहयोग करने हेतु औद्योगिक नीति की शुरुआत की है, जिसका लाभ जिले के नये उद्यामियों को भी मिल रहा है। हाल ही में भारत का सबसे बड़ा स्टार्टअप इवेंट का दूसरा एडिशन बीते 3 से 5 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया गया था, जिसमे धमतरी जिले से आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स के अनुसूचित जनजाति के लिए उद्यम पूंजी कोष के पहली लाभार्थी और स्टार्टअप हेमल फ़ूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की श्रीमती जयंती सिदार ने भारत मंडपम में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स के एमडी वी. अनीश बाबू और डीजीएम आईएफसीआई अरिंदम रॉय ने हेमल फ़ूड के स्टाल का अवलोकन किया और व्यवसाय की जानकारी ली। अतिथियों ने इस व्यवसाय के लिए हेमल फूड को 3.40 करोड़ का ऋण प्रदान किया और हेमल फूड के व्यवसाय की सफलता के लिए अग्रिम बधाई दी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा जिले में औद्योगिक नीति के तहत फूड पार्कों की स्थापना की जा रही है, जिसमें उद्योग स्थापित करने में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। फूड पार्क में सड़क बिजली पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ एक रुपए में भी उद्योग हेतु भूमि भी प्रदान की जा रही है। कलेक्टर ने जिले के उद्यामियों से अपील कि है कि वह भी अपने उद्योगों को इन फूड पार्क को मिलाकर स्थापित करें और जिले में रोजगार और व्यापार का बढ़ाने में सहयोग दें।

बता दें कि हेमल ने बगौद के फूड पार्क में उद्योग लगाई है। भारत के सबसे बड़े स्टार्टअप इवेंट का दूसरा एडिशन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया गया। यह आयोजन गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस द्वारा किया गया। इस आयोजन में 3 हजार से ज्यादा स्टार्ट अप्स, 1 हजार से अधिक निवेशक और 50 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## अग्निवीर में चयनित युवाओं को दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर के चयनित अभ्यर्थियों का विदाई सम्मान कार्यक्रम सामुदायिक भवन धीवर समाज परिक्षेत्र अभनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर, विशेष अतिथि बलविंदर गांधी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद अभनपुर, वेदव्यास तारक अध्यक्ष धीवर समाज परगना अभनपुर, पवन गुरुपंच उपाध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र अभनपुर थे। विधायक ने चयनित अभ्यर्थी आर्यन साहू, झमन एवं झामेश्वर धीवर तथा इन अभ्यर्थियों के माता-पिता का सम्मान किया। मौके पर पूर्व सैनिक योगेश साहू, कमलनारायण मिश्रा, अश्वनी साहू समेत अन्य मौजूद थे। अतिथियों को संगठन का कैलेंडर भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक योगेश साहू व आभार प्रदर्शन पूर्व सैनिक कमल नारायण मिश्र ने किया।

हनुमान गुड़ी में बह रही श्रीमद भागवत महापुराण की गंगा

# मन ही सागर, विचारों का मंथन ही समुद्र मंथन : युवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जो आया है, उसे जाना ही है। जीवन



का सबसे बड़ा सत्य मृत्यु है। इसके बाद भी मनुष्य सबसे ज्यादा भयभीत मृत्यु से रहता है। जो मनुष्य श्रीमद् भागवत महापुराण को पूरी श्रद्धा और तल्लीनता से सुन लेता है, वह जीवन मरण के भय से दूर हो जाता है। यह बातें आचार्य युवराज शिवकुमार वत्स ने कही।

कचहरी के पास पुरानी पुलिस लाइन स्थित श्री हनुमान गुड़ी सेवा समिति द्वारा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में 9 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है। पहले दिन गुरुवार को कलशयात्रा, वेदी पूजा, गोकर्ण व्याख्यान हुआ। 4 अप्रैल को कथा प्रवेश, परीक्षित जन्म, वराह अवतार की कथा सुनाई गई। 5 अप्रैल को कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार की कथा सुनाते हुए आचार्य युवराज शिवकुमार वत्स ने कहा कि इस कलयुग में चारों ओर पापकर्म बढ़ रहे हैं। ऐसे में श्रीमद् भागवत महापुराण ही ऐसी कथा है जिससे सुनकर ही मनुष्य का उद्धार हो जाता है। एक समय नारदजी सभी मनुष्यों के हित की इच्छा से सभी लोकों में भ्रमण करते हुए मृत्यु लोक पहुंचे। यहां अनेक योनियों में जन्मे सभी मनुष्यों को अपने कर्मों के अनुसार कई दुखों से पीड़ित मिले। इन मनुष्यों के उद्धार का उपाय खोजते हुए देवर्षि नारद विष्णुलोक गए। वहां श्री नारायण ने नारद को भागवत कथा सुनाई। यही वह कथा है, जिसे सुनने मात्र से जीव का उद्धार हो जाता है। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मानव मन ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के स्वरूप हैं। मन में जो मंथन चलता है, वहीं समुद्र मंथन है। जिसके मन में देव स्वरूप अच्छे विचार जीत जाता है तो उसका जीवन अमृततुल्य हो जाता है, अन्यथा बुरे विचार जीवन में दुख, कष्ट और परेशानी का कारण बन जाते हैं।

# मां महामाई मंदिर में अष्टमी पूर्णाहुति के साथ नौ कन्या भोज हुआ

■ माता की महिमा से प्रेरित होकर दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



मां महामाई आदिकाल से अटूट शक्तियों से लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण करती आ रही हैं। समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल ध्रुव, उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप टेंगना, हरचंद साहू अमली, दीनदयाल ग्वाले भोथली, महासचिव नीरज कुमार सोन, सचिव राधेश्याम ध्रुव मटियाबाहरा, कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन भैंसासांकरा, ऑडिटर माधुरी कश्यप, सोमनाथ सोम ने बताया कि शनिवार को अष्टमी पूर्णाहुति एवं नौ कन्या भोज व 6 अप्रैल को कलश विसर्जन एवं विदाई हुई। समिति के गजानंद सोन ने बताया कि प्रत्येक दिवस ग्राम फरसियां के प्रत्येक मोहल्ले से व 16 पाली के समस्त ग्रामों से माता सेवा, जस गीत हेतु, सेवा मंडली अपनी उपस्थिति प्रदान की। मां महामायां की महिमा से प्रेरित होकर दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु सहपरिवार दर्शन के लिए पहुंचे। महामाई युवा सेवा समिति 16 पाली फरसियां के रेखराम साहू अध्यक्ष ताराचंद साहू, उपाध्यक्ष अरुण प्रजापति, सचिन चेतन नाग, सहसचिव प्रमोद कुमार, टिकेश्वर यादव, तिहारू राम, भगवान बिसेन, महेंद्र साहू, राहुल सिंह, खगेश, दीपांशु दीवान, मंडलेश्वर यादव,सोमेश्वर,सुमन मरकाम सुमन पटेल,बिरजू राम ने बताया कि प्रतिदिन पूजन कार्य पंडित नीलकमल शर्मा महाकालेश्वर धाम छिपली व मंदिर के पुजारी कन्हाई राम ध्रुव, कमलेश ध्रुव, दुष्यंत शांडिल्य फरसियां के द्वारा किया गया।

नवरात्रि पर्व के संचालन हेतु समितियों का निर्माण किया गया। पूजा समिति में पुनीत राम चिंडा, जोहन राम नेताम, खेमसिंह चनाप, राजेंद्र तारम, हीरालाल ध्रुव, व केशनाथ पुजारी, अभिनंदन कर्ताओं में घनश्याम पटेल, नारायण सिंह, सोनू राम मरकाम, घनश्याम ध्रुव, ज्योति कलश सुरक्षा में लोकेश, नारद, छविराम, शैलेंद्र, रोहित, चुन्नू लाल, राजेश नेताम व टिकेश कुमार, सामग्री प्रभारी में रामगुलाल बिसेन, दीनदयाल ग्वाले, मन्नू लाल यादव, हुलास व भीम सिंह गजेंद्र, भोजनालय व्यवस्था में कृष्ण कुमार साहू, खेदुराम साहू, दीपचंद साहू, कोमल ध्रुव, अजीत सिन्हा, लाइट एवं माईक व्यवस्था में गोपाल राम ध्रुव थे। पर्व में कुल 222 घी व तेल



ज्योति प्रज्वलित की गई। प्रथम दिवस 30 मार्च को स्व. मोहनलाल साहू सेवानिवृत्त वन परि.अधिकारी नगरी की स्मृति में डॉ खेमेंद्र कुमार साहू, 31 मार्च सोमवार को स्व. राजेंद्र सोन की स्मृति में पुत्र धनश्याम सोन फरसियां द्वारा, 1 अप्रैल को महेश ध्रुव एवं गोविंदा साहू अमाली द्वारा, 2 अप्रैल को स्व. भूषण लाल एवं गैंदी बाई की स्मृति में पौत्र अंशुल कश्यप टेंगना द्वारा 4 अप्रैल को श्री आशीष, प्रिंस गोलछा, देवनाथ साहू एवं महावीर इलेक्ट्रिक नगरी द्वारा, 5 अप्रैल को अपने पूर्वाजों की पुण्य स्मृति में खिलानंद यदुराज गोरेगांव द्वारा भोजन प्रसादी प्रदान किया गया। 6 अप्रैल को ज्योति कलश का विसर्जन किया गया।

## जोरातराई (अ) में देवी भागवत 8 से

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

अमर ज्योति मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग ग्राम जोरातराई में 8 से 12 अप्रैल तक अमृतमयी श्रीदेवी भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज होंगे। 8 अप्रैल को कलश यात्रा एवं बैठकी महात्म की कथा, 9 अप्रैल को हयग्री अवतार मधु कैटभ का वध, गुरुदेवजी का जन्म ,नवरात्रि की महिमा, 10 अप्रैल को रंभ-करंभ की कथा, महिषासुर रक्तबीज का वध, देवी का प्रगाट, 11 अप्रैल को शिव पार्वती विवाह, 12 अप्रैल को हरिश्चंद्र की कथा, सुदर्शन मनोरमा की कथा व अन्य कथा होगी। कथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक



होगी। इसकी तैयारी में पंचम पाल अध्यक्ष, घनश्याम साहू, हरिश्चंद्र, भीम निर्मलकर, बंशी साहू, धनसिंह साहू, मनहरण, रामजी, बुधु पाल, प्यारेपाल,नेमी साहू, संतोष साहू, कामता साहू, देवनारायण, बालमुकुंद, खिलेश, प्यारे तारक, गोपाल राजपूत, मुकेश, देवचरण, हरिपाल, प्रकाश निषाद, प्रकाश साहू, रोशन कुर्रे, नरेंद्र, नरेंद्र, मनीष पाल, घनश्याम यादव, अशोक निषाद सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## माता भवानी की आराधना से जीवन में शांति व समृद्धि आती है : रंजना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर ग्राम बरारी में विराजमान लोल्लर दाई मंदिर में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली की मंगल कामना की।

पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि नवरात्रि पर माता भवानी की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में शांति सुख समृद्धि के साथ मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ की प्राप्ति होती है। सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है जिससे हमारा मनोबल बढ़ता है। इस पर्व पर पूजा- अर्चना और साधना द्वारा व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। यह कर्मों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और दिशा को उत्पन्न करता है। मौके पर जनपद सदस्य अनीता यादव, समिति अध्यक्ष दिलीप देवांगन, उपाध्यक्ष धनुष साहू, गैंदलाल, डुमनलाल देवांगन, महेश यादव, सोहनलाल यादव, महेत्तरू साहू, नंदकुमार ध्रुव कैलाश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अग्रवाल महिला सम्मेलन ने किया पोहा का वितरण

**धमतरी।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि पर बिलाईमाता मंदिर में प्रसाद स्वरूप पोहा का वितरण कर व माता रानी का भजन गाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की अध्यक्ष सरोजबाला अग्रवाल, सचिव अनीता गोयल, सरिता अग्रवाल, वीणा गोयल, कुसुम अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, राधा अग्रवाल, रूपल सिंगल, संगीता अग्रवाल का सहयोग रहा।



HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)

वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर

MD आयुर्वेद (पुणे)

Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

पता :- B-22 जननाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
• वस्ति
• उत्तर वस्ति
• जानु वस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सर्वोदय इंग्लिश स्कूल की हंसिम का नवोदय विद्यालय में चयन

**सांकरा।** सर्वोदय इंग्लिश मिडिल स्कूल सांकरा नगरी की छात्रा हंसिम टोड्डे का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। यह छात्रा शुरू से ही मेधावी रही है। इनके चयन पर विद्यालय स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नक्सल कमांडर हिड़मा के गांव पुवर्ती में लगा सुविधा शिविर



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिल सके। शिविर के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार श्री योपेंद्र पात्रे ने बताया कि 4 अप्रैल को पुवर्ती में शिविर लगाकर 120 वोटर आईडी, 60 जन्म प्रमाण पत्र, 13 आधार पंजीयन और 22 पैन कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही 03 ग्रामीणों के बैंक अकाउंट भी खोले गए।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन-प्रशासन की सुविधाएं गांव गांव घर घर तक पहुँचने लगी हैं।

**इतवारी बाजार अपडेट :** लौकी, टमाटर 5 रुपए, पत्तागोभी, सेमी, मूली 20 रुपए किलो

# बंपर आवक से हरी सब्जियों के दाम गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की बंपर आवक से इसके रेट गिर गए हैं। दाम कम होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। पिछले एक माह से रेट स्थिर होने से गरीब मध्यमवर्गीय प्रसन्न हैं। अब सीजन में उन्हें तीनों टाइम हरी सब्जियां खाने को मिल रही हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि लोकल आवक के साथ बाहरी आवक तेज होने के कारण रेट उपर नहीं चढ़ रहा है। सब्जी सस्ती होने से ग्राहकी भी अच्छी है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई। शादी सीजन के कारण ग्रामीण क्षेत्र से लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे थे। रेट कम होने से जमकर खरीदारी की। सब्जी विक्रेता खेमलाल सोनकर, रजनी सोनकर ने बताया कि टमाटर, लौकी 5 से 7 रूपए किलो रहा। भटा, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली, सेमी 20 रुपए किलो रहा। गाजर, बरबट्टी, भिंडी, गोभी, केला, डोड़का 30 रुपए किलो बिका। कुंदरू, तोरई, परवल, मटर 40 रुपए किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, मुनगा, मिर्च, शिमला मिर्च 50 रुपए किलो बिका। कटहल 60 में बिका।

**आलू 20, प्याज 30 रूपए किलो**

इस सप्ताह आलू 20, प्याज 30, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100, काली मिर्च 780, जीरा 280, लहसुन 90-100, रिफाइन तेल 130, सरसों 80 मेथी 85, राहरदाल 100-125, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूरदाल 85, चना 80, काबुली 100-130, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 90, पोहा 50 रूपए किलो रहा। अण्डा 65 रूपए दर्जन रहा।

## जस सेवागीत के साथ जंवारा का विसर्जन



**मगरलोड।** चैत्र नवरात्रि पर ग्राम राजपुर के शीतला मंदिर प्रांगण में जंवारा बोया गया था। महाअष्टमी पर हवन यज्ञ पूजन के बाद नवमी को माता जस सेवा गीतों के साथ जंवारा का गौरातालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष जनक सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, सचिव गिरवर यदु, रामसाय सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि जागेश्वर सिन्हा, गोपाल निषाद, नंदलाल निषाद, सुंदर निषाद, सीताराम यदु, नंदू निषाद, बैगा खेलन निषाद, कोटवार रमेश गंधर्व, डोमार ध्रुव, देवलाल कंवर, नारद ध्रुव, प्रदीप निषाद, राजेश निषाद, पंडित चोवा दुबे, दुकाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। क्षेत्र के शीतला मंदिरों में महाष्टमी के दिन हवन यज्ञ पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# दो सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल



• करंट लगने से युवक की मौत
• नेशनल हाईवे में तीन वाहन भिड़े


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार तथा रविवार को हुए दो हादसे में एक युवक की मौत और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात 10.30 बजे दोनर बोरसी मार्ग स्थित पुल के ऊपर एक अज्ञात वाहन ने बाइक में सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे ग्राम कोकड़ी निवासी देवेंद्रकुमार पिता कुलेश साहू 20 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। उनके साथ बाइक में सवार सिवनीखुर्द निवासी युवक कौशलकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर अर्जुनी थाना की टीम एवं रक्तदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के सदस्य मौके पर पहुंचे। घायल को 108 के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरी घटना शनिवार शाम 6-7 बजे की है। आमातालाब रोड निवासी राजेश रजक की लाश बागतराई मार्ग में ट्रांसफार्मर के पास मिली। बताया जा रहा है कि राजेश रजक की मौत करंट लगने से हुई है। वहीं रविवार को दोपहर 11 बजे बस्तर रोड स्थित निर्मल पेट्रोल पंप के पास तीन वाहन आपस में भिड़ गए। ग्राम परसवानी के आयसर चालक राजकुमार बंजारे एवं परिचालक ललित ग्राम सिर्वे निवासी तेल के डिब्बे लेकर जगदलपुर की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से आयसर जा भिड़ी। वहीं घटना स्थल पर तीसरा वाहन भी टकरा गया। इस हादसे में राजकुमार बंजारे तथा ललित ध्रुव को चोट पहुंची है। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति ने सबका मन मोहा








विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में वार्षिकोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस वर्षिक उत्सव में प्रथम दिन नर्सरी से लेकर कक्षा चौथी तक बच्चों ने गणेश वंदना, क्लासिकल डांस, मैट्रो, बालीवुड, पंजाबी, गुजराती, संबलपुरी, हरियाणवी, साउथ इंडियन, कश्मीरी नृत्य प्रस्तुत किया जो मनमोहक एवं आकर्षक रहा। कार्यक्रम की पालकों एवं नागरिकों ने प्रशंसा की।

द्वितीय दिवस शनिवार को कक्षा 5वीं से 12वीं तक के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य, डांस, भाषण, एकल नाटक, सामूहिक नाटक, सामूहिक नृत्य, फोक डांस प्रस्तुत दिया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने सुआ नृत्य, बस्तरिहा नृत्य, पंडवानी, भरथरी, चंदैनी, ढोलामारू, ददरिया, बांसगीत, राउत नाचा, कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति को जमकर सराहा। उनकी परफारमेंस को प्रेरणादायक बताया। इस आयोजन को बच्चों के भविष्य निखारने का पहला कदम बताया। इस अवसर पर विद्याकुंज किड्स अठवानी गली, विद्याकुंज किड्स कर्मा चौक, विद्याकुंज हायर सेकेंडरी स्कूल लोहरसी के बच्चों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद बच्चों ने एकलव्य, तानाजी, कलयुग, कल्कि अवतार, जामुन का पेड़, आयगिरीनंदिनी, चार युग, मां काली, सेल्फ डिफेंस, साउथ इंडियन, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी संस्कृति की प्रस्तुति दी। ब्रज की होली, दशावतार, क्रिकेट स्किल, कोल्हापुरी गीत, सती कहानी, हनुमानजी का नाटक सामूहिक प्रस्तुत किया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के माता-पिता, भाई बहन, रिश्तेदार सहित तीनों विद्यालय के स्टाफ, शाला प्रबंधन, प्राचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम पश्चात बच्चों को पारितोषिक देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

# धीवर समाज ने 185 बच्चों को किया पुरस्कृत



■ चैत्र नवरात्रि पर समाज के बच्चों का मनोबल बढ़ाने रखे गए अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धीवर समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि पर समाज के बच्चों का मनोबल बढ़ाने, उन्हें धर्म और संस्कार तथा समाज से जोड़ने, उनकी कला को निखारकर प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करने के मकसद से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि पर आयोजित ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता में 47 बच्चे, सामान्य ज्ञान में 30 बच्चे, रंगोली में 38 बच्चे, फैंसी ड्रेस में 15 बच्चे, नृत्य में 17 बच्चे, क्राफ्ट में 03 बच्चे, कलश तथा थाल सजाओ प्रतियोगिता में 10 बच्चे, एकल गायन में 2 बच्चों ने भाग लिया। समाज की राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी अंजलि फूटान एवं रिया फूटान के मार्गदर्शन में 19 बच्चों ने कराते की विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। 185 बच्चों को समाज द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया।

धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, महिला प्रकोष्ठ महासंरक्षक संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर ने कहा कि बच्चों को धर्म और आस्था से जोड़ने, उनका मनोबल बढ़ाने यह आयोजन किया गया। मंच संचालन ओमप्रकाश नाग एवं सोहन धीवर ने किया।

# भगवान राम का जीवन त्याग, संयम निष्ठा का प्रतीक : नितिन कुमार

■ देहली पब्लिक स्कूल में रामनवमी हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







देहली पब्लिक स्कूल में रामनवमी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सुंदर रंगोली, पुष्पों और धार्मिक झंडियों से सजाया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा 12वीं की छात्रा भवि जैन ने रामनवमी के महत्व को सुंदर शब्दों में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य और धैर्य की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए एक आदर्श नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। इसके बाद विद्यालय के संगीत समूह द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कक्षा 7वीं और 8वीं के छात्रों ने भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें उनके जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों जैसे वनवास, रावण वध और रामराज्य की झलक दिखाई गई। बच्चों की अभिनय प्रतिभा और संवाद ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, संयम, निष्ठा और आदर्शों का प्रतीक है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। रामनवमी का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव बना, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता की गहराई से भी परिचित कराया गया। विद्यालय प्रबंधन ने पर्व के माध्यम से छात्रों को सत्य, धर्म और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

## किले के श्रीराम मंदिर में जन्मोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रामनवमी के अवसर पर पूरा अंचल राममय हो गया। शहर के सभी 40 वार्डों सहित गांवों में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान राम की झांकी निकाली गई। कलश यात्रा निकली। संगीतमय रामधुनी, रामायण का कार्यक्रम हुआ। सभी जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। दिन भर भजन, पूजन, आरती का कार्यक्रम चला। शहर के सभी मंदिरों में राज जन्मोत्सव मना। इतवारी बाजार स्थित किले के श्रीराम मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन गया किया। मंदिर के पुजारी अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा ने भगवान रामचंद्रजी का अभिषेक किया। विशेष हवन के साथ रामायण पाठ, रामस्तुति, रामरक्षा स्त्रोत का पाठ हुआ। आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की कतार सुबह से देरात तक रही। मंदिर परिसर में रिदम राग एकडेमी के लुकेश ठाकुर, भूषण पटेल और उनकी टीम ने भजन गाया। मंदिर परिसर में दिनभर रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, भजन का दौर चला। संध्या 7 बजे महाआरती की गई। इस अवसर पर दिग्विजयसिंह कृदत्त, डा. एनपी गुप्ता, सूरज तिवारी, राजेंद्र श्रोती, सुदर्शन गुप्ता, आशुतोष खरे, विक्रांत शर्मा, विजय देवांगन सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे। किले के श्री हनुमान मंदिर, मठ मंदिर सहित श्रीराम जानकी मंदिर, बिलाईमाता परिसर हनुमान मंदिर, रामबाग स्थित हनुमान मंदिर, बनियापारा स्थित सिद्धेश्वर कालेश्वर मंदिर में श्री रामचंद्र की प्रतिमा के साथ सभी वार्डों में राम जन्मोत्सव मना।

## गृहमंत्री शाह का महापौर ने किया आत्मीय स्वागत



**धमतरी।** बस्तर पंडुम में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे देश के गृहमंत्री अमित शाह का महापौर रामू रोहरा ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि गृहमंत्री श्री शाह के कुशल मार्गदर्शन व रणनीति के चलते आज प्रदेश नक्सली समस्या से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## रायपुर की निजी संस्था देगी रोजगार आवेदन 10 अप्रैल तक मंगाए

**धमतरी।** राजधानी रायपुर की निजी कंपनी में फील्ड ऑपरेशन सुपरवाईजर के तहत डिप्लोमा ऑफ राईडर्स इन रैपीडो-फील्ड जॉब के लिए पांच युवाओं की जरूरत है। यह दसवीं पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि राजधानी रायपुर स्थित कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड में दसवीं पास युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इसमें कंपनी द्वारा हितग्राहियों को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक काम करना होगा और इसके लिए कंपनी 14 हजार रूपये मासिक वेतन देगी। इस काम के लिए हितग्राही के पास स्वयं का दो पहिया वाहन, ड्राईविंग लायसेंस और हेलमेट होना अनिवार्य है। जिले के ऐसे इच्छुक युवक जो टेक्नोटॉस्क बिजनेस साल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड रायपुर के माध्यम से रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं, वे सात अप्रैल से 10 अप्रैल तक अपने समस्त दस्तावेज के साथ जिला कौशल विकास प्राधिकरण, प्रथम तल, जिला पंचायत धमतरी में उपस्थित होकर संपर्क कर सकते है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट् परामर्श हेतु उपलब्ध
8 अप्रैल दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
9 अप्रैल दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय सुबह 10 से 3 बजे तक
क्या दवा लेने के बाद भी शुगर लेवल बढ़ा रहता है ?
शुगर के खतरे से बचे होम्योपैथी दवा द्वारा उपचार
● शुगर के कारण सुस्ती कमजोरी थकान, भूख कम लगना
● अर्थराइटिस / (जोड़ो पर दर्द) न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
● L4-L5 नशों में दबाव के कारण अकड़न, चलने पर दर्द, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान।
● घुटना दर्द - घुटने में सूजन, कट-कट की आवाज, बैठकर उठने, चलने पर दर्द होना, हड्डी में गैफ, लिक्विड़ कम होना।
● मूत्र एवं किडनी रोग - मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, धार कमजोर, ऐसा लगता है, पेशाब बचा है और बार-बार जाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, कपड़े पर लिकेज होना। शुगर के कारण पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना, यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction) शुक्राणु की कमी।
● विशेष चिकित्सा - फंगल इन्फेक्शन, खुजली, सफेद दाग, पाईल्स, भगन्दर, फिशर (गुदामार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।)
● FATTY LIVER - भूख कम लगना, गैस, पेटफूलना, पेट साफ न होना।
● गाठ (Lipoma), Varicosevein
● शुगर के कारण घाव न भरना (Diabetic Foot)
● शुगर के कारण चेहरे पर झाई, कालापन।
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट

Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर